हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

अस्थाई शैक्षणिक खण्ड, शाहपुर, ज़िला काँगड़ा, (हि.प्र.) - 176206

Temporary Academic Block, Shahpur ,Distt. Kangra (HP) - 176206

Website: www.cuhimachal.ac.in

दिनांक : 08. 06.2021

फ़ाइल सं. IQAC/1-1/CUHP/2020/49-50

बैठक के कार्यवृत्त

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अस्थायी शैक्षणिक, खण्ड शाहपुर **में दिनांक 07.06.2021 को अपराह्न 3:00 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से** सभी **स्कूलों** के **अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/निदेशकों एवं आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ** के प्रतिनिधियों की एक बैठक की गई | इस बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के विभिन्न पहलुओं पर पारस्परिक विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से कुछ **निर्णय** लिए गए |

1. सर्वप्रथम इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी स्कूलों के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष एवं निदेशक सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर को दिशानिर्देश देने के लिए एक सामूहिक सत्र रखें जिसमें उन्हें यह सिखाया जाये कि उनको निर्धारित समय सीमा के अन्दर किस प्रकार डाटा तैयार करके प्रेषित करना है |
2. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिष्ठाता पूरे विभाग से इकठा होकर संयुक्त रूप से कार्य करवाए ताकि माँगा गया डाटा समय पर उपलब्ध करवाया जा सके |
3. इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि **आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ** के कार्य के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति को इस कार्य में संलिप्त करना चाहिए इसके साथ ही **कुलसचिव महोदय ने इस बात का सुझाव दिया कि विश्विद्यालय में कार्यरत (Information Scientist) सूचना वैज्ञानिक** को आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ **के कार्य में संलिप्त करना उचित रहेगा क्यूंकि (IQAC) से सम्बन्धित कार्य उन्हीं के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आता है,** ऐसा करने से IQAC के कार्य को निर्बाध, निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा करने में सुगमता रहेगी |
4. इसके अतिरिक्त यह सुझाव भी दिया गया कि अधिकतर कार्य (Smarth Portal) से किया जाये क्यूंकि इसका मुख्य कार्य ही डाटा को संकलित करना है परन्तु इससे हम तभी कार्य ले सकते हैं यदि हमें समर्थ पोर्टल के विषय में पूर्ण जानकारी होगी |
5. इस बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय में (Internal Audit Officer) होना चाहिए |
6. बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि सभी विभागों द्वारा आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ से सम्बंधित डाटा को प्राथमिकता देते हुए शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध करवाया जाये ताकि इसके कार्य में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो एवं जब भी **(IQAC) की बैठक** करवाई जाये तो उसमें सभी की सहभागिता अनिवार्य हो |

7. माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के पुराने कार्यवृत्त मांगे गए हैं जो उनको निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के द्वारा शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध करवाए जायेंगे ।

इसी के साथ ही निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय कुलपति महोदय जी, कुलसचिव महोदय जी, वित्त अधिकारी महोदय, परीक्षा नियंत्रक महोदय एवं सभी स्कूलों के अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/निदेशकों एवं आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों व अन्य सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए बैठक का समापन किया गया ।

3/6/2021

प्रो. अम्बरीश कुमार महाजन
निदेशक
आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ